तापमान
अधिकतम 45.9 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

12 साफ सड़क पर मास्क लगाकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश



12 जब जच्चा बच्चा स्वस्थ होगा तभी समाज बनेगा मजबूत व अच्छा : कैलाश सैनी



## खबर संक्षेप

### यूजीटी टैंक से लाखों की लोहे की प्लेटें चोरी

**यमुनानगर।** गांव भटली में बन रही निर्माणधीन टैंक से चोरों ने लाखों रुपये की लोहे की प्लेट चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भटली निवासी विक्की शर्मा ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में ही यूजीटी टैंक बनवा रहा है। टैंक का निर्माण कार्य चल रहा है। चार जून को रात साढ़े 10 बजे वह कुछ समय के लिए वहां से किसी काम से चला गया था। करीब आधे घंटे बाद जब वापस लौटे तो उसे वहां से लोहे की प्लेट गायब मिली। जांच करने पर गायब हुई लोहे की प्लेटों की कीमत करीब एक लाख रुपये है।

### युवती को अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी पर केस

**यमुनानगर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने युवती को फेसबुक और व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला युवती की मां की शिकायत पर दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की की आदित्य के साथ जान पहचान थी। आदित्य ने उसकी लड़की का फेसबुक व व्हाट्सएप नंबर हासिल कर उससे बात करनी शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर दिलवाने के नाम पर धोखे से छीना ट्रैक्टर

**यमुनानगर।** ट्रैक्टर दिलवाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने जांज शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव गुथमडा निवासी लखमीर सिंह ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रैक्टर खरीदना चाहता था। उसकी मुलाकात कलानौर निवासी कुलदीप सिंह के साथ हुई। कुलदीप सिंह ने उसे बताया कि वह यमुनानगर निवासी सेंटी उर्फ दिनेश कुमार के साथ ट्रैक्टर खरीदने व बेचने का काम करता है।

### अरुण हत्याकांड का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** होली के दिन किशनपुरा निवासी अरुण की हत्या के मामले में सीआईए.वन पुलिस ने पांचवें आरोपी चिंटू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अदालत में सरेंडर किया। जिसके बाद पुलिस ने उसे एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने साथियों के साथ मिलकर रंजिश के चलते हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया।

## बीएल वर्मा बोले, युवा पीढ़ी को मिलेगा वास्तविक इतिहास

# अंबाला में बनेगा एशिया का सबसे बड़ा स्मारक

700 करोड़ की लागत, 22 गैलरियां और 22 एकड़ में इतिहास का जीवंत दस्तावेज तैयार होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि अंबाला क्रांतिकारियों की धरती रही है। यहां निर्मित ''आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक'' न केवल देश बल्कि एशिया का सबसे बड़ा शहीद स्मारक बनने जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही इस भव्य स्मारक को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे नई पीढ़ी देश के गौरवशाली और वास्तविक इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से जान और समझ सकेगी। वर्मा मंगलवार को अंबाला छावनी में निर्माणाधीन ''आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक'' का अवलोकन करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्मारक के पूर्ण होने और जनता के लिए खुलने के बाद इसकी भव्यता और दिव्यता देश-दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह स्मारक इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आएंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज पिछले लगभग 30 वर्षों से इस स्मारक के निर्माण के लिए निरंतर संघर्षरत रहे हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्मारक का अवलोकन करने के दौरान वे स्वयं आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने कहा कि /"अब तक मैं भी वही मानता था जो इतिहास की पुस्तकों में लिखा गया है लेकिन यहां प्रदर्शित अंग्रेजों के आधिकारिक दस्तावेजों और टेलीग्रामों को देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि 10 मई 1857 दिन रविवार सुबह 9 बजे अंबाला छावनी से क्रांति की चिंगारी भडक़ी थी। उन्होंने कहा कि स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से 1857 की क्रांति और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।



अंबाला। शहीद स्मारक का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व अन्य।

### बलिदान की गाथा

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि स्मारक में यह भी दर्शाया गया है कि 1857 की क्रांति के दौरान रोटी, कमल और पेड़ों की छाल जैसे साधनों का उपयोग गुप्त संदेशों के आदान-प्रदान के लिए किया जाता था। यह जानकारी नई पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक है। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि पूरे शहीद स्मारक का विस्तार से अवलोकन करने में लगभग 6 से 8 घंटे का समय लगता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द से जल्द इस स्मारक को राष्ट्र को समर्पित करें, ताकि देश की युवा पीढ़ी अपने वास्तविक इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ सके। अवलोकन के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय मंत्री को वॉक-थ्रू प्रस्तुति के माध्यम से शहीद स्मारक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह स्मारक देश ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे बड़ा शहीद स्मारक है, जिसके निर्माण पर लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। स्मारक में 22 अत्याधुनिक गैलरियों के माध्यम से 1857 के स्वतंत्रता संग्राम, विभिन्न युद्धों और वीर शहीदों के बलिदान का जीवंत चित्रण किया गया है। इससे पूर्व दोनों मंत्रियों ने शहीद स्मारक परिसर में रुद्राक्ष का पौधारोपण भी किया।

## घरेलू हवाई अड्डा जल्द होगा शुरू, देश का 165वां एयरपोर्ट बनने की उम्मीद

**अंबाला।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन से पूर्व देश में केवल 74 हवाई अड्डे संचालित थे जबकि अब उनकी संख्या बढक़र 164 हो गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंबाला छावनी में निर्मित नया घरेलू हवाई अड्डा (सिविल एन्क्लेव) देश का 165वां संचालित हवाई अड्डा बनेगा। शीघ्र ही यहां से उड़ान सेवाएं शुरू होंगी। वर्मा मंगलवार को अंबाला छावनी में नवनिर्मित घरेलू हवाई अड्डे (सिविल एन्क्लेव) का निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में अंबाला छावनी में विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए अनिल विज, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री तथा सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों और इंजीनियरों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। अवलोकन के दौरान अनिल विज ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि अंबाला छावनी का सैन्य हवाई अड्डा देश के सबसे पुराने और सामरिक



अंबाला। घरेलू हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन करते मंत्री अनिल विज।

दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एयरबेस में से एक है। इसी रणनीतिक महत्व को देखते हुए अंग्रेजों ने भी अंबाला को एयरबेस के रूप में विकसित किया था। विज ने बताया कि अंबाला छावनी में निर्मित रनवे अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जहां दिन-रात तथा सभी मौसम परिस्थितियों में विमानों का सुरक्षित संचालन संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह घरेलू हवाई अड्डा हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों के यात्रियों के लिए हवाई यात्रा का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा।

## अवैध निर्माण की वजह से सिया वाटिका का बैंक्वेट हाल सील, नोटिस के बाद की कार्रवाई

- बिना प्रशासनिक अनुमति व नक्शा पास करवाए चल रहा था वाटिका में काम

**अंबाला।** अंबाला छावनी के के स्टाफ रोड स्थित बंगला नंबर 126-बी पर स्थित सिया वाटिका बैंक्वेट हॉल को नगर परिषद की टीम ने सील कर दिया। यह कार्रवाई बिना प्रशासनिक अनुमति और नक्शा पास कराए किए जा रहे अवैध निर्माण पर की गई। नगर परिषद के एमई कुलभूषण ने पुलिस की मौजूदगी में सिया वाटिका के पांचों गेट पर सील लगा दी जबकि इस बंगले में बने मकान का रास्ता छोड़ दिया गया है। विभाग का तर्क है कि सीलिंग की कार्रवाई नोटिस मिलने के 7 दिनों के भीतर निर्माण कार्य न रोकने और जवाब न देने पर की गई है। नोटिस के अनुसार, नगर परिषद की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि स्टाफ रोड स्थित बंगला नंबर 126- बी में बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधियां चल रही हैं। यह भूखंड नगर परिषद अंबाला सदर के अधिकार क्षेत्र में आता है लेकिन इसके विकास के लिए विभाग से कोई आवश्यक मंजूरी या बिल्डिंग प्लान पास नहीं कराया गया था। इस कार्रवाई के बाद संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

## लाखों की लागत से लगे डस्टबिन बने शोपीस, कुछ ही दिनों में टूटकर बिखरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2026 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन लगाए गए थे। इन डस्टबिनों पर नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन हैरानी की बात यह है कि ये डस्टबिन कुछ ही दिनों में टूटकर बेकार हो गए और अब जगह-जगह कूड़ा खुले में बिखरा नजर आ रहा है।

शहर के कई इलाकों में लगाए गए ये डस्टबिन या तो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर अपनी उपयोगिता खो चुके हैं। कई स्थानों पर डस्टबिन टूटकर गिर गए हैं और आसपास कूड़ा फैला हुआ है, जिससे स्वच्छता अभियान की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला। लोगों ने इसे केवल दिखावा करार देते हुए कहा कि अगर डस्टबिन मजबूत और बड़े आकार के लगाए जाते तो वे लंबे समय तक उपयोग में आ सकते थे।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि डस्टबिन लगाने के कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते डस्टबिन इतने कम समय में ही टूट गए। लोगों का कहना है कि इस प्रकार के कार्यों में जिम्मेदार अधिकारियों को सख्ती से निगरानी करनी चाहिए थी, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग हो सके। इसके अलावा, कई लोगों ने यह भी कहा कि लगाए गए डस्टबिन आकार में बहुत छोटे हैं, जो शहर के कूड़े के हिसाब से पर्याप्त नहीं हैं। छोटे डस्टबिन जल्दी भर जाते हैं और कूड़ा बाहर फैलने लगता है, जिससे गंदगी और बढ़ जाती है। ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करना मुश्किल नजर आ रहा है।

शहर बदहाल



तरावड़ी। शहर मे विभिन्न स्थानों पर नगरपालिका द्वारा लगाए गये डस्टबिन टूटे व बिखरे हुये।

## ई-स्कूटर एजेंसी में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के बीआर चौक के समीप मंगलवार दोपहर बाद एक ई-स्कूटर एजेंसी में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। देखते ही देखते आग ने एजेंसी के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा सामान और वाहन प्रभावित हुए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक दिया। घटना के दौरान क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ई



कुरुक्षेत्र। एजेंसी से निकलता धुआं।

स्कूटर की बैटरी में स्पॉर्किंग के कारण आग लगना बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एजेंसी संचालक यीहानु छाबड़ा ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। एजेंसी के अंदर करीब 35 ई स्कूटर मौजूद थे।

## पता पूछने के बहाने बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली झपटीं

**कुरुक्षेत्र।** शहर के शीला नगर क्षेत्र में एक स्कूटी सवार युवक द्वारा पता पूछने के बहाने बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली झपटकर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने पुलिस से आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। महिला के बेटे मनोज गुप्ता ने बताया कि उसकी 65 वर्षीय माता निर्मला देवी सोमवार सांय अपने घर के बाहर मौजूद थीं। इसी दौरान एक बिना नंबर की स्कूटी सवार युवक उनके पास पहुंचा और किसी पते के बारे में पूछताछ करने लगा। उसकी माता उस युवक के साथ उसकी मदद करने के लिए पड़ोस के घरों में भी गई। जब युवक द्वारा पूछे गए पते का पता नही लगा तो उसकी माता घर पर आ गई। युवक ने उसकी माता से पानी मांगा।

## खनन कारोबारी पर हमले के मुख्य आरोपी मुठभेड़ में घायल, हथियार और नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस और खनन कारोबारी पर गोली चलाने के आरोपियों के बीच मुठभेड़ में दो आरोपियों को पैरों में गोली लगी है। सोमवार को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम आरोपियों से वारदात में प्रयोग किया गया असला बरामद करने पहुंची थी जहां पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस टीम द्वारा अपने बचाव में चलाई गई गोली मामले के मुख्य आरोपी रोबिन उर्फ मोनू वासी पट्टी शहजादपुर व मुख्य शूटर आरोपी अमन वासी बडौता जिला करनाल के पैर में लगी। घायल आरोपियों को हस्पताल में दाखिल करवाया गया। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक ने बताया कि 31 मई की रात्रि को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि शाहबाद के जलेबी पुल के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति पर गोली चलाई थी। गोली लगने सुनील कुमार उर्फ बंटी वासी तंगौर हाल वासी शाहबाद घायल हुआ था जिसे पहले शाहबाद और बाद में मोहाली हस्पताल में दाखिल करवाया गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राईम टीम द्वारा मौका का निरीक्षण करवाया गया। मौका पर मौजूद पीड़ति के साथी संजीव कुमार वासी पाडलू की शिकायत पर थाना शाहबाद में हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला की थी।



कुरुक्षेत्र। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी। 9केयूके16

### आरोपी रिमांड पर

पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के आदेशानुसार 2 जून 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी की टीम ने मामले के आरोपी रोबिन उर्फ मोनू वासी पट्टी शहजादपुर सहित आरोपी विजय उर्फ दिग्विजय वासी लक्की कालोनी शाहबाद, अमन व राहुल वासीयान बडौता जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके विजय को 3 दिन के तथा आरोपी रोबिन, अमन व राहुल को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। 8 जून को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम रिमांड अवधि के दौरान आरोपी रोबिन, अमन व राहुल को लेकर असला बरामदगी के लिए पीपली बस स्टैंड के पीछे पहुंची थी जहां पर आरोपियों ने वारदात के बाद असला छुपाया था।

## किशोरी से दुष्कर्म के मुजरिम को दस साल की कैद

- फैसले में अदालत ने कहा कि ऐसे मुजरिमों के खिलाफ सख्ती बरतनी बेहद जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

फास्ट ट्रैक (पॉक्सो) कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने व उसे सोशल मीडिया पर सांझा करने के दोषी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के साहिल को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ.

गगनदीप मित्तल की अदालत ने दोषी पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे चार महीने की अतिरिक्त साधारण कैद भुगतनी होगी। फैसले में अदालत ने साफ किया कि किशोरियों के खिलाफ



ऐसे जघन्य अपराधों और सोशल मीडिया के जरिए किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले अपराधियों के साथ कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।

अदालत के आदेश के बाद दोषी साहिल को कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्रीय कारागार (सेंट्रल जेल) भेज दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान ज्यादातर गवाहों ने भी मुजरिम के खिलाफ गवाही थी।

पुख्ता ई साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को मुजरिम करार देते हुए सजा का ऐलान किया।

## बहला फुसलाकर व्यक्ति ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने महिला को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पर महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने तथा मारपीट करने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी 35 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नरेंद्र सिंह के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी उसके बाद भी उसे ब्लैकमेल करने लगा।

### गुरुकुल में चल रहे राष्ट्रीय शिविर को राज्यपाल ने किया संबोधित

## सम्पूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है आर्य मान्यताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वेद और आर्य समाज की मान्यताएं केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हैं। आज के इस दौर में जब युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख हो रही है, तब आर्यवीर दल और वीरांगना दल युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा और सदाचार के संस्कार फूंकने का महान कार्य कर रहे हैं। यह प्रेरणादायी विचार गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्यवीर दल एवं वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्यवीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी देवव्रत सरस्वती, प्रधान संचालक नन्दकिशोर शास्त्री, सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की प्रधान संचालिका श्रीमती व्रतिका आर्या, वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर आर्य, महामंत्री विजयपाल आर्य, वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द, महाशय जयपाल आर्य, रामनिवास आर्य, संजीव आर्य सहित अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।

शिविर में देश के 15 प्रान्तों से आए हजारों आर्यवीरों और वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल महोदय ने आर्य समाज की मान्यताओं, उसकी प्रासंगिकता और युवा शक्ति के दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य देवव्रत ने कहा कि आर्य समाज की मान्यताएं ईश्वर के सच्चे स्वरूप, मानवता और विज्ञान पर आधारित हैं। युवाओं को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत युवाओं की जरूरत है। आर्यवीर दल का यह शिविर युवाओं को न केवल लाठी, तलवार और आत्मरक्षा के गुर सिखाता है, बल्कि उन्हें नशे और कुसंस्कारों से दूर रखकर एक संस्कारी नागरिक बनाता है।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मंचासीन गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

### वीरांगनाओं का शौर्य ही समाज की ताकत

वीरांगना दल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि माता जीजाबाई और रानी लक्ष्मीबाई के संस्कारों को आत्मसात कर हमारी बेटियां आत्मरक्षा में सक्षम बन रही हैं। एक सशक्त समाज का निर्माण नारी शक्ति के सबलीकरण के बिना असंभव है।

### आर्यवीर दल राष्ट्र का सुरक्षा कवच

उन्होंने आर्यवीर दल के अनुशासन और सेवा भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जब भी देश पर कोई आपदा आती है, आर्यवीर अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर सेवा कार्य करते हैं। यह दल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक जीती-जागती पाठशाला है। अंत में स्वामी देवव्रत सरस्वती ने आचार्यश्री सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### बाल भवन और नारी निकेतन का निरीक्षण

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने मंगलवार को एमडीडी बाल भवन और नारी निकेतन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर का भी दौरा किया और वहां रह रही लड़कियों से संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में 190 बच्चों का पंजीकरण

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से एक से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारना तथा उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि बाल भवन के नए भवन में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हो रहे इस शिविर में पांच से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### सामुदायिक केंद्र स्थल पर अतिक्रमण का आरोप

**करनाल।** अल्फ़ा इंटरनेशनल सिटी करनाल अलॉटीज़ एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को उपायुक्त-सह-जिला मजिस्ट्रेट करनाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर सेक्टर-28ए स्थित सामुदायिक केंद्र स्थल पर कथित उल्लंघनों, अवैध पहुंच, अतिक्रमण तथा अनधिकृत शादी घर/बारात घर संचालन के मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। ज्ञापन में एसोसिएशन के निदेशक कमल धवन एवं विकास कंधोल ने कहा कि कई वर्षों से लगातार शिकायतें, विभागीय निरीक्षण, स्पॉट विजिट, वीडियोग्राफी, सुनवाई और अधिकारियों के स्तर पर विचार-विमर्श होने के बावजूद स्थल को स्वीकृत लेआउट योजना के अनुरूप बहाल नहीं किया गया है।

### महंगाई पर रोक लगाने में सरकार विफल : प्रवीण

**करनाल।** यूथ जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एडवोकेट प्रवीण ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी का असर पेट्रोलियम उत्पादों, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। एडवोकेट प्रवीण ने कहा कि रसोई गैस, खाद्य तेल, दालें, सब्जियां और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। मजदूर, किसान, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवार बढ़ते खर्चों से जूझ रहे हैं।

# योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा कार्यक्रम की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- आज कार्यक्रम में राजस्व मंत्री विपुल गोयल करेंगे शिरकत

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 10 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (केसीजीएमसी) परिसर में "योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा " अभियान के तहत योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने मंगलवार को आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग तथा केसीजीएमसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि प्रणाली तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक महत्वपूर्ण और गरिमामयी आयोजन है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नागरिकों, योग साधकों एवं अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आयुष विभाग और मेडिकल कॉलेज प्रशासन को आपसी समन्वय से समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल, डिप्टी सीईओ रोजी सहित मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**करनाल।** योग कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम देवेंद्र शर्मा।

### विशेष योग शिविर 17 जून तक चलेगा



**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में /"मेरा मिशन स्वस्थ भारत/" के तहत सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि यह शिविर 8 जून से 17 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि योग के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से यह शिविर प्रतिवर्ष उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाता है। शिविर में आने वाले योग साधकों को योग की विभिन्न विधियों और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी जा रही है। शिविर के दूसरे दिन योग शिक्षिका ऋतु गर्ग ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज तथा अनेक आसनों का अभ्यास कराया। योग शिक्षिकाओं नीलम बटला और निधि गुप्ता ने भी उपस्थित रहकर योग करने की सही विधियों की जानकारी दी। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और इसे नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि 21 जून को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति दी जा सके।

# बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन से निपटने में पौधरोपण सबसे प्रभावी

- न्यायिक मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री

उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप व एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए गये वृहद पौधारोपण अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण को प्रोत्साहित करना था। उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई थी, जो जुलाई माह तक जारी रहेगा। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि मानव जीवन और जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधरोपण करते एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता।

# पत्नी के प्रेम संबंधों से परेशान युवक ने जहर खाकर दी जान

- 10 साल से चल रहा था संबंध, सहकर्मी पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल में एक 32 वर्षीय युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मृतक की पहचान सुमित, निवासी करनाल के रूप में हुई है. परिजनों का आरोप है कि सुमित अपनी पत्नी के अन्य व्यक्ति के साथ कथित संबंधों को लेकर लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहा था।

सोमवार को सुमित ने अपने घर पर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के मुताबिक, सुमित की शादी वर्ष 2013 में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं. आरोप है कि सुमित की पत्नी के संबंध उसके ही सहकर्मी धीरज के साथ पिछले करीब 10 वर्षों से चल रहे थे. सुमित और धीरज दोनों एक साथ पेंट (पुताई) का काम करते थे. सुमित की बहन शशी ने आरोप लगाया कि धीरज उनके भाई को लगातार परेशान करता था, कई बार उसके साथ मारपीट व धमकी दे चुका था और सुमित पर तलाक लेने का लगातार दबाव बना रहा था. बहन का यह भी दावा है कि अस्पताल में सुमित ने दम तोड़ने से पहले अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को ही अपनी मौत का जिम्मेदार बताया। सदर बाजार चौकी के इंचार्ज सुलिंद्र सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक सुमित के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व 18 को मनाया जाएगा

- गुरमत समागम में रागी एवं ढाडी जत्थे करेंगे गुरु का गुणगान

**करनाल।** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 18 जून को डेरा कारसेवा में धार्मिक कार्यक्रमों एवं गुरमत समागम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। यह आयोजन गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी डेरा कारसेवा करनाल द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह, डेरा प्रमुख डेरा कारसेवा के विशेष सहयोग से किया जाएगा।

गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि शहीदी पर्व के सफल आयोजन को लेकर गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के प्रधान वरिंद्र सिंह ने की। इंद्रपाल सिंह डोनी ने बताया कि 18 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा सायं 6:30 बजे से रात 10:30 बजे तक गुरमत समागम आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न रागी एवं ढाडी जत्थे गुरु साहिब की महिमा का गुणगान करेंगे। समागम में भाई गुरुदित्त सिंह हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, गुरप्रीत सिंह हजूरी रागी पौंटा साहिब, गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, भाई गुरुसेवक सिंह हजूरी रागी श्री सिंह सभा गुरुद्वारा मॉडल टाउन, बलविंदर सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा मंजी साहिब तथा भाई गुलाब सिंह संगत को निहाल करेंगे।

# कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

- हरि बोल ओर जय बद्री विशाल के जयघोषों से गूंज उठा वातावरण

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से गर्ग राइस मिल्स एवं गर्ग फाइन फूड्स तरावड़ी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भक्ति रस में सराबोर होकर निकले, जबकि पूरे मार्ग में जय बद्रीविशाल और हरि बोल के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धा और आस्था का संगम देखने को मिला। सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन को एक विशाल धार्मिक उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया। यात्रा के पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। गर्ग फाइन फूड्स के सीएमडी रमेश गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग एवं रजत गर्ग ने बताया कि भगवान श्रीहरि की कृपा एवं ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की प्रेरणा व श्री गीता संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार के साहित्याचार्य आचार्य शिव प्रसाद ढकाल के आशीर्वाद से पावन तीर्थ श्री बद्रीनाथ धाम में इस पुण्य आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।



**तरावड़ी।** कलश यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

## काछवा और कैथल रोड पर कई अवैध निर्माण किए ध्वस्त

# अवैध निर्माण पर चला डीटीपी का पीला पंजा

- प्रशासन सख्त, अवैध कॉलोनियों में सीवरेज लाइनें भी तोड़ीं

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल जिले में पैर पसार रहे अवैध कॉलोनियों के जाल के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. विभाग की टीम ने काछवा रोड और कैथल रोड पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया. इस दौरान अवैध रूप से खड़ी की गई दीवारें, नींव, सड़कें, गलियां और अवैध रूप से बिछाई गई सीवरेज लाइनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक, जिले में करीब 180 अवैध कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं. कॉलोनाइजर नियमों को ताक पर रखकर भोले-भाले लोगों को सीवरेज और बिजली कनेक्शन का झांसा देकर फंसा रहे थे. काछवा रोड पर जिन कॉलोनियों पर कार्रवाई हुई, वहां 18 से 20 हजार रुपये प्रति गज के हिसाब से प्लॉट बेचे जा रहे थे. विभाग की इस कार्रवाई से अवैध प्लॉट खरीदने वाले आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, जबकि कॉलोनाइजर कॉलोनी काटकर मौके से फरार हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग के एटीपी मोहित कुमार ने बताया कि पुलिस लाइन के सामने स्थित अवैध कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में जोगिंद्र सिंह, रविंद्र पाल सिंह, अशोक सेठ, गौरव कुमार और श्रवण कुमार को साल 2018 से 2026 तक लगातार नोटिस जारी किए जा चुके हैं और इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी चल रही है। इसमें जोगिंद्र सिंह को सबसे पहले नोटिस थमाया गया था। कैथल रोड पर करीब 4 से 5 एकड़ और काछवा रोड पर 2 से 3 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चला है. जिन लोगों के खिलाफ पहले कार्रवाई हो चुकी है, उनके मामले फिलहाल अदालत में विचाराधीन हैं।




### इंद्री को मिली 16 अटल पुस्तकालयों की सौगात

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का इंद्री विधानसभा क्षेत्र को 16 नए अटल पुस्तकालयों की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं और छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा और परीक्षाओं की तैयारी के लिए आधुनिक सुविधाएं अपने ही गांव और क्षेत्र में मिल सकेंगी। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि इंद्री में 16 अटल पुस्तकालयों की स्थापना ग्रामीण आंचल के होनहार बच्चों के भविष्य को संवारने में एक मील का पत्थर साबित होगी।

अब हमारे युवाओं को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर में नहीं जाना पड़ेगा। इन अटल पुस्तकालयों में विद्यार्थियों के लिए अनुकूल माहौल, आवश्यक पुस्तकें, कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## न्यूज डायरी

### हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की सीआईए-2 टीम ने हत्या के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव गौंदर निवासी गोविंद पुत्र धीरा राम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 18 अप्रैल 2026 को थाना निसिंग क्षेत्र के गांव गौंदर में पुरानी रंजिश के चलते सूरज पुत्र कर्मबीर सिंह को गोली मार दी गई थी। गंभीर रूप से घायल सूरज की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ के दौरान दोनों ने गोविंद की संलिप्तता का खुलासा किया था। इसके आधार पर आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के विरुद्ध पहले से हत्या और चोरी के मामले दर्ज हैं।

### दुकानदारों ने मीठे एवं ठंडे पानी की छबील लगाई



**तरावड़ी।** मेन बाजार में दुकानदारों द्वारा लगाई गई छबील में मीठा जल ग्रहण करते राहगीर।

**तरावड़ी।** भीषण गर्मी के चलते जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं तरावड़ी के स्थानीय दुकानदारों ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक सराहनीय पहल की। शहर के मेन बाजार में दुकानदारों द्वारा मिलकर राहगीरों, मजदूरों और शहरवासियों के लिए मीठे एवं ठंडे पानी की छबील लगाई गई, जिससे लोगों को तपती गर्मी में काफी राहत मिली। दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर था, तब छबील स्थल पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। राह चलते यात्रियों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और बाजार में आने वाले ग्राहकों ने रुककर मीठे ठंडे पानी का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि इस तरह के सेवा कार्य न केवल गर्मी से राहत देते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### महापौर ने पूर्व मंत्री मेहता का कुशलक्षेम जाना



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को अपने चंडीगढ़ प्रवास के दौरान पीजीआई में उपचाराधीन हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ जननेता शशि पाल मेहता से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। हाल ही में चोट लगने के कारण पूर्व मंत्री इन दिनों पीजीआई में उपचाराधीन हैं। महापौर ने अस्पताल पहुंचकर पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता से आत्मीय मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे उपचार और स्वास्थ्य सुधार की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की। रेणु बाला गुप्ता ने पूर्व मंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि शशि पाल मेहता लंबे समय से जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनकी विशेष पहचान एवं सम्मान है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अपने शुभचिंतकों और जनसामान्य के बीच पुनः सक्रिय भूमिका निभाएं। भेंट के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण



**करनाल।** करनाल विधानसभा क्षेत्र-21 में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पंचायत भवन में एसडीएम देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम ने बताया कि दो सत्रों में 120 बूथों के बीएलओ और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर संजय कुमार और सुरेश कुमार सिंहमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। शेष बूथों के कर्मचारियों को 10 जून को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान से जुड़े बीएलओ और सुपरवाइजरों को 14 जून से 16 जुलाई तक कार्यमुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कुल 234 बीएलओ और 26 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। 24 वर्ष बाद हो रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। बीएलओ गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और मतदाताओं से निर्धारित प्रक्रिया के तहत जानकारी प्राप्त करेंगे।

### राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में सहयोग की अपील

**करनाल।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के क्षेत्र संकार्य प्रभाग ने नागरिकों, परिवारों और उद्यमों से विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। सहायक निदेशक श्रेया अग्रवाल ने बताया कि एनएसओ वर्ष 1950 से सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों से संबंधित आंकड़े एकत्र कर केंद्र एवं राज्य सरकारों को नीति निर्माण में सहायता प्रदान करता आ रहा है। सर्वेक्षणों के माध्यम से तैयार डाटाबेस विकास योजनाओं के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित अधिकारी ई-सिग्मा सॉफ्टवेयर से युक्त टैबलेट और सुरक्षित वेब पोर्टलों के माध्यम से डिजिटल तरीके से सूचनाएं एकत्र करते हैं। घरेलू सर्वेक्षणों में जानकारी परिवार के मुखिया अथवा जानकार सदस्य से ली जाती है, जबकि उद्यम सर्वेक्षणों में अधिकृत प्रतिनिधि से सूचना प्राप्त की जाती है। श्रेया अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि एकत्रित सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि जून 2026 के दौरान आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण सहित विभिन्न सर्वेक्षण संचालित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे सर्वेक्षण अधिकारियों को सही एवं सटीक जानकारी देकर राष्ट्रहित में सहयोग करें।

### रेणु भाटिया को पद से हटाने की मांग तेज

**करनाल।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और जनवादी महिला समिति ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया को पद से हटाने की मांग की है। दोनों संगठनों ने कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल से जुड़े मामले में उनके कथित बयानों और व्यवहार की आलोचना करते हुए इसे पद की गरिमा के विपरीत बताया है। माकपा के जिला सचिव जगपाल राणा ने कहा कि महिला आयोग की अध्यक्ष को अपने पद की संवैधानिक जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने के बजाय नर्सिंग स्टाफ को कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं है। पार्टी ने संबंधित मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। वहीं, जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष ममतेश और सचिव जराशो शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि नाबालिग से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में नर्सिंग स्टाफ पर सीधे आरोप लगाना और व्यक्तिगत टिप्पणियां करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग जैसी संस्थाओं का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना है और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। दोनों संगठनों ने मांग की कि रेणु भाटिया को तत्काल महिला आयोग की अध्यक्ष पद से हटाया जाए तथा उनकी जगह ऐसी महिला को नियुक्त किया जाए जो आयोग के मूल उद्देश्यों के अनुरूप निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सके।

## खबर संक्षेप

### छात्र तनिष हत्याकांड में नाबालिग गिरफ्तार

**पानीपत।** कुराना गांव में आईटीआई छात्र तनिष की हत्या के मामले में सीआईए.वन पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को संरक्षण में लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह मधुबन भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी विजय ने बाइक को लेकर हुए विवाद की रंजिश में अपने साथियों के साथ मिलकर तनिष की चाकू मारकर हत्या की थी। मामले में पहले विजय को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### पानीपत में दवा व्यापारी के घर एनआईए की रेड

**पानीपत।** नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए की टीम ने आज सुबह करीब पांच बजे पानीपत के कृष्णपुरा निवासी दवा व्यापारी अमन सैनी के घर छापा मार उससे दो घंटे से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार दवा व्यापारी के बैंक खाते से करीब आठ माह पहले एक संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुई थी। जिसके तार किसी गिरोह से जुड़े हुए हैं। हालांकि दो घंटे के बाद टीम वापस लौट गई और दवा व्यापारी के बैंक की डिटेल अपने साथ ले गई है।

### महिलाओं को दी सुरक्षा कानूनों की जानकारी

**पानीपत।** जिला पुलिस की मिसिंग सेल टीम ने पसीना रोड और चौटाला रोड स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को महिला सुरक्षा कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और दुर्गा शक्ति ऐप की जानकारी दी। इंस्पेक्टर रेखा ने महिलाओं से किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत 1091, 112 या दुर्गा शक्ति ऐप पर करने की अपील की।

### दलित युवक से अमानवीय व्यवहार की निंदा

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और दलित अधिकार मंच हरियाणा ने हांसी के सोरखी गांव में दलित युवक बारूराम के साथ हुई कथित अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठनों के राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह, महासचिव राजेंद्र तथा संयोजक रामकुमार बहबलपुरिया ने संयुक्त बयान में कहा कि चोरी के आरोप में युवक को कथित रूप से कुएं में उल्टा लटकाकर मारपीट करना कानून और संविधान के विरुद्ध है।

## यमुना संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

# यमुना और ड्रेन प्रदूषण पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, किया निरीक्षण

**ड्रेन नंबर.1 और ड्रेन नंबर.2 के संगम स्थल तथा खोजकीपुर के पास निरीक्षण किया**

- जाटल रोड स्थित 20 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा
- 20 एमएलडी क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** यमुना का निरीक्षण करते हुए डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ। *फोटो : हरिभूमि*

विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त ने ददलाना गांव के निकट एचएसआईआईडीसी के नए औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित 2०5 एमएलडी क्षमता वाले कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, क्षमता और उपचारित जल के प्रबंधन की जानकारी लेते हुए इसकी कार्यक्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिमला गुजरान के निकट ड्रेन नंबर.1 और ड्रेन नंबर.2 के संगम स्थल तथा खोजकीपुर के पास ड्रेन नंबर.2 और यमुना नदी के मिलन बिंदु का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में बिना उपचारित प्रदूषित जल यमुना नदी में नहीं पहुंचना चाहिए। इसके साथ ही खोजकीपुर क्षेत्र में यमुना के बैराज और पिलरों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने पुराने औद्योगिक क्षेत्र स्थित पंपिंग स्टेशन का भी निरीक्षण कर उसकी उपयोगिताए क्षमता और बेहतर संचालन की संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की। इसके अलावा छाजपुर खुर्द, रसलपुर टैंकर प्वाइंट तथा ड्रेन नंबर.1 के 3000 आरडी क्षेत्र का निरीक्षण कर जल निकासी और प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जाटल रोड स्थित 20 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शोधन प्रक्रिया के बाद निकलने वाले जल की गुणवत्ता संबंधी बीओडी, सीओडी और टीडीएस मानकों की जानकारी ली।

### घरेलू फार्मेसियों से दवा खरीदने के लिए मजबूर न करें

डीसी ने अधिकारियों को इन सभी मानकों का नियमित रिकॉर्ड रखने और समय.समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए, ताकि उपचारित जल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बना रहे। उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले के इंडेक्स प्लान की समीक्षा करते हुए सातों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों की कार्यक्षमता और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उपलब्ध संसाधनों, सीईटीपी, एसटीपी, पंपिंग स्टेशनों तथा अन्य जल शोधन व्यवस्थाओं का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी, बीडीपीओ शक्ति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### सरकार के 12 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में हुआ पौधरोपण

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा बबैल मंडल के सचिव सुनील प्रजापति ने अपने साथियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सुनील प्रजापति ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने जनकल्याण, सुशासन, गरीबों के उत्थान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और देश के समग्र विकास की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# एसआईआर के लिए कांग्रेस सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** बैठक में मौजूद कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

आज कांग्रेस संगठन पानीपत शहरी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय लाल बत्ती चौक पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिंदर शाह एवं जिलाध्यक्ष स. बलजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें की विशेष रूप से एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। हर बुथ पर सरकार के बीएलओ के साथ हमारे बीएलए.2 की निगरानी में इस प्रक्रिया के माध्यम से शहरवासियों के सही वोटो को लिस्टों में जुड़वाना और शिफ्ट करवाने को लेकर विचार विमर्श हुआ साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एक हेल्पलाइन नंबर 9053295911 जारी किया। इस नंबर पर शहर वासी अपनी वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और शिफ्ट कराने हेतु समस्या बता सकते है साथ ही इस नंबर के माध्यम से अपने एरिया के बीएलओ की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी अपनी वोटर लिस्ट से संबंधित समस्याओं से निदान पा सकते है। बहुत जल्द ही पानीपत शहरी के हर बुथ पर जो 211 बीएलए.2 बनाए गए हैं उनकी वोटर लिस्टों से संबंधित ट्रेनिंग प्रदेश कांग्रेस की एसआईआर कमेटी द्वारा करवायी जाएगी। बैठक में जिला महासचिव राज कुमार पाहवा, वाईस प्रेसिडेंट कुलदीप पूनिया, सौरव अरोड़ा, जनरल सेक्रेटरी सुप्रिया रत्तन, पंकज प्रजापत, राजबीर पोडिय़ा, धर्मेंद्र बजाज, सोहन लाल शर्मा, अनुभव मित्तल, सेक्रेटरी जेपी गौड़, विकास जैन, विकास अटवाल, राम लाल हैप्पी, चिराग मूटनेजा, मिंटू सचदेवा, सोनू गंभीर, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश बवेजा, रवित माकिन आदि मौजूद रहे।

# माइनर की सफाई नहीं होने से किसानों तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना


**पानीपत।** सूखी पड़ी माइनर का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

मानसून की दस्तक से पहले प्रशासन द्वारा नालों, नदियों और माइनरों की सफाई के दावों के बीच इसराना क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि इसराना से निकलने वाली चमराडा माइनर की लंबे समय से सफाई नहीं हुई। जिसके कारण नहरी पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। किसानों के अनुसार यह माइनर इसराना, बांध, माड़ी, पूठर, चमराडा और काकौदा सहित आधा दर्जन गांवों की हजारों एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराती है। इसके बावजूद घास और गाद से माइनर अटी पड़ी है तथा बीच रास्ते में पानी चोरी होने के कारण किसानों को उनके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा। किसान सुरेश कुमार, जगत सिंह, आनंद, रविंद्र, नरेश, रामफल, ऋ षि, दिलबाग और सुरेंद्र ने बताया कि वे सिंचाई शुल्क नियमित रूप से जमा करते हैं, लेकिन समय पर पानी न मिलने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। उनका आरोप है कि कुछ लोग विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से पानी निकाल रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। ग्रामीणों ने बताया कि इसी माइनर से गांव बांध के जल वितरण केंद्र को भी पानी मिलता है। पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से गांव में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के कारण लोगों के साथ.साथ पशुपालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने माइनर की तत्काल सफाई और पानी चोरी पर रोक लगाने की मांग की है।



### पानीपत के टेक्सटाइल उद्योग के लिए विशेष पैकेज की जरूरत : विनोद धमीजा

**पानीपत।** यूको बैंक के अंचल कार्यालय करनाल द्वारा पानीपत में यूको कार्निवल, स्टार्टअप एवं एक्सपोर्ट मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पानीपत चैप्टर के अध्यक्ष विनोद धमीजा तथा यूको बैंक के जनरल मैनेजर प्रेम शंकर झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सचिव राजीव अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट राम प्रताप जुनेजा, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष वीके गान सिंगला तथा पीपी इंटरनेशनल के अतुल मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूको बैंक के प्रधान कार्यालय से जनरल मैनेजर मुग्ध मधुसूदन वर्मा, अंचल प्रमुख करनाल दीपक जैन सहित अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर यूको बैंक की एमएसएमईए कृषि एवं स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों और उद्यमियों को विभिन्न ऋण योजनाओं तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने कहा कि बैंकों को उद्योगों को बेहतर तरीके से ऋण और वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।

### 10 माह से अधूरी पड़ी सड़क, विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप

**इसराना।** इसराना से रामनगर छोटी बांध तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी सडक़ का निर्माण कार्य पिछले करीब दस महीनों से अधूरा पड़ा है। मानसून शुरू होने से पहले भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विधा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुरू होकर रामनगर छोटी बांध तक जाने वाली यह सडक़ गांव का मुख्य संपर्क मार्ग है। बारिश के दौरान सडक़ अधूरी रहने पर लोगों को नहर की कच्ची पटरी से होकर गुजरना पड़ेगा। जिससे आवागमन और अधिक मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीण रामपाल, चांद सिंह, रणधीर, दिलबाग, सुरेंद्र, अशोक कुमार, महेंद्र सिंह और कुलदीप सिंह ने बताया कि सडक़ निर्माण लगभग एक वर्ष पहले शुरू हुआ था।

### सरकार के 12 साल की उपलब्धियों पर होंगे कार्यक्रम

**पानीपत।** केंद्र एवं हरियाणा सरकार के 12 साल की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम पर जिला में 20 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता से जनकल्याण शिविर, प्रगति पथ यात्राएं, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रोजगार मेले, प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम तथा पशु मेले सहित अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## बच्चों को सनातनी संस्कार देना जरूरी : नीरज जावा

# समीक्षा मलिक ने जुम्बा डांस की प्रस्तुति से मोहा मन

**बाल संस्कार चेतना शिविर में बच्चों के दांतों व आंखों की जांच कर स्वास्थ्य के प्रति किया सचेत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सहयोगियों को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के आज नौवें दिन मुख्य अतिथि एसपी कस्टम एण्ड जीएसटी नीरज जावा व उसकी पत्नी शिखा जावा रहे। वहीं डा.प्रशांत शर्मा व डा.गौरव विशिष्ठ अतिथि रहे। समीक्षा मलिक ने जुम्बा डांस की प्रस्तुति दी। डा.प्रशांत शर्मा ने शिविर में भाग ले रहे बच्चों के दांतों की व डा. गौरव ने आंखों की जांच की। श्री राम सेवा दल के शिविर लगाने पर बधाई देते हुए नीरज जावा ने कहा कि बच्चों को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करके अच्छे संस्कार देना बहुत ही सराहनीय कार्य है। शिविर के चेयरमैन भूषण मदान, श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा ने अतिथियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन राकेश आंनद ने किया।श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के आज नौवें दिन मुख्य अतिथि एसपी कस्टम एण्ड जीएसटी नीरज जावा व उसकी पत्नी शिखा जावा रहे। इस अवसर पर तिलक राज छोकरा, राम स्वरूप चावला, गौरव छोकरा, पूर्व सरपंच सुंदर लाल वधवा, पूर्ण ईश पुनानी, अविनाश पुनानी, प्रिंस सोनी, नरेश आन्नद, गुलशन आनंद, हंस राज, पुनीत छौक्करा, प्रिंस मोंगिया, मनोज चुघ, डा. जितेन्द्र ,राजन छौक्करा,नवीन मुंजाल, काजल आंनद, शालू वधवा, शशि, प्रीती, वीना, स्वास्तिक, शिखा, अंकिता, रितू, गीतांजली आंनद, हिमानी खुराना, प्रीति वधवा, दामिनी दूमड़ा, शिल्पा नागपाल, बिंदिया, गीतू सचदेवा व डिंपल आंनद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### रेनू भाटिया के खिलाफ नर्सों की पेन डाउन हड़ताल

**पानीपत।** हरियाणा राज्य महिला आयोग के द्वारा सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर के साथ टिप्पणी व गलत व्यवहार करने के विरोध में पानीपत के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दो घंटे पेन डाउन सुबह 10 से 12 बजे तक हड़ताल की गई। इससे मरीजों का इलाज प्रभावित रहा। प्रधान सुमन पोरिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग के द्वारा डॉक्टर रेप केस इन्क्वायरी के दौरान सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर के साथ अभद्र व्यवहार व गलत टिप्पणी की गई। हमारे बेटियों के बारे में गलत टिप्पणी बोली और हमारे ऊपर गलत आरोप लगाया कि हम नर्सिंग ऑफिसर ने इस जघन्य अपराध में डॉक्टर का साथ दिया। ये उनके ऊपर गलत इल्जाम लगाया गया है। जबकि नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटी इन्डोर में होती है। ओपीडी में फिमेल हेल्पर होता है, डॉक्टर को फीमेल हेल्पर को खुद बुलाना पड़ता है। जब किसी फीमेल पेशेन्ट का चैकअप करते हैं तो डॉक्टरों के प्रोटोकॉल में होता है। पूरा नर्सिंग कैडर ऐसी टिप्पणी व गलत व्यवहार का खंडन करता है। रेणु भाटिया को समस्त नर्सिंग कैडर से माफी मांगनी चाहिए।



### 132 विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज की इंटर्नशिप सेल द्वारा प्रगति परिवार समिति कुरुक्षेत्र के सहयोग से कॉलेज के साइंस ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एमए एवं एमकॉम के 132 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ.साथ व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। इंटर्नशिप सेल की संयोजिका माधवी ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक परियोजनाओं पर कार्य करने, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और टीम वर्क विकसित करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सहायक प्रो.राजेश बाला, रेखा शर्मा, डॉ.पूजा, राहुल तथा डॉ.बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।



### पौधे रोपने के बाद देखभाल जरूरी : मनीषा वत्स

पानीपत। एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन मछरौली पानीपत में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।कार्यक्रम के दूसरे दिन भी कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के कोर्डिनेटर मनीषा वत्स व प्रदीप रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनते हुए वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने का संदेश दिया। मनीषा वत्स ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक है जब पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.लोकेश शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहींएबल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। यहां डॉ.बलजीत सिंह, डॉ.सुदेश रानी, डॉ.दर्शन धीमान,सोनिया बंसल, सत्यनारायण, कमल शर्मा, गोविंद चौधरी व हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### शिव मार्केट एसोसिएशन के संजीव रहेजा बने प्रधान



**पानीपत।** शिव मंदिर सेवा समिति शिव मार्केट के सभी दुकानदारों ने हाल ही में अपनी नई एसोसिएशन का गठन किया। सर्वसम्मति से संजीव रहेजा को प्रधान चुना गया। जबकि राकेश खुराना को सचिव और दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सुनील गांधी, भीम बजाज और ओम प्रकाश को संरक्षक मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बॉयज मार्केट एवं शिव मार्केट एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान संजीव रहेजा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और उन्हें संयुक्त व्यापार मंडल में शामिल किया। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल के प्रधान गौरव लीखा, संरक्षक अनिल मदान, चेयरमैन दर्शन वधवा, सचिव सुशील भराड़ा, उपप्रधान संजय वर्मा, आशीष तायल, अमन मुंजाल तथा हिमांशु कटारिया सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**रूद्र सुपुत्र स्व. श्रीमति सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री कुलदीप सिंह निवासी मकान नम्बर 2709-पी, सैक्टर 18, हुडा पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रूद्र सुपुत्र स्व. श्रीमति सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री कुलदीप सिंह निवासी मकान नम्बर 2709-पी, सैक्टर 18, हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज को इंतकाल/विक्रय पत्र/ट्रांसफर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी की माता सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री कुलदीप सिंह की मृत्यु दिनांक 31.12.2016 को हो चुकी है। यह प्रार्थी की माता श्रीमति सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री कुलदीप सिंह की मृत्यु उपरान्त 2 वारिस है :-

1. रूद्र सुपुत्र व 2. नैन्सी राठी सुपुत्री श्रीमति सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री कुलदीप सिंह है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

**कार्यालय न्यायालय -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री बलबीर पुत्र स्व. मान सिंह निवासी मकान नम्बर 619/15, पटेल नगर, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री बलबीर पुत्र स्व. मान सिंह निवासी मकान नम्बर 619/15 पटेल नगर, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मेरे पिता श्री मान सिंह पुत्र श्री उज्जल सिंह की मृत्यु दिनाक 09.07.2001 को हो चुकी है। यह कि श्री मान सिंह पुत्र श्री उज्जल सिंह की मृत्यु उपरान्त जाईज वारिस इस प्रकार हैं :-

1. बलवंत कौर विधवा पत्नी मृतक 2. बलविन्द्र सिंह पुत्र 3. सुरेन्द्र सिंह पुत्र 4. बलबीर पुत्र 5. हरजित पुत्र 6. जोगिन्द्र कौर पुत्री 7. सुरेन्द्र कौर पुत्री 8. सुखविन्द्र पुत्री 9. गुरूमीत सिंह पुत्र। मेरे दो भाई बलविन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह व एक बहन सुखविन्द्र की मृत्यु हो चुकी है जिसमें स्व. बलविन्द्र सिंह वारसान 1. सुरजीत कौर विधवा पत्नी 2. लखविन्द्र सिंह पुत्र 3. रणजीत सिंह पुत्र 4. कमलजीत सिंह पुत्र वा स्व. सुरेन्द्र सिंह के वारसान 1. गुरूदेव कौर विधवा पत्नी 2. जसपाल सिंह पुत्र 3. मनप्रीत सिंह पुत्र 4. चरणजीत कौर पुत्री 5. कमल जीत कौर पुत्री वा स्व. सुखविन्द्र कौर के वारसान 1. हरजिन्द्र सिंह पुत्र 2. कुलविन्द्र सिंह पुत्र 3. रविन्द्र कौर पुत्री 4. नरेन्द्र कौर पुत्री है। उपरोक्त वारसान के ईलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा विजेन्द्र फुलिया नम्बरदार नांगल खेड़ीए, पानीपत व रवि पटवारी हल्का तरफ इन्सार पानीपत दिनांक 11.02.2026 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

1. बलवंत कौर विधवा पत्नी मृतक 2. बलविन्द्र सिंह पुत्र 3. सुरेन्द्र सिंह पुत्र 4. बलबीर पुत्र 5. हरजित पुत्र 6. जोगिन्द्र कौर पुत्री 7. सुरेन्द्र कौर पुत्री 8. सुखविन्द्र पुत्री 9. गुरूमीत सिंह पुत्र। मेरे दो भाई बलविन्द्र सिंह सुरेन्द्र सिंह व एक बहन सुखविन्द्र की मृत्यु हो चुकी है जिसमें स्व. बलविन्द्र सिंह वारसान 1. सुरजीत कौर विधवा पत्नी 2. लखविन्द्र सिंह पुत्र 3. रणजीत सिंह पुत्र 4. कमलजीत सिंह - पुत्र वा स्व. सुरेन्द्र सिंह के वारसान 1. गुरूदेव कौर विधवा पत्नी 2. जसपाल सिंह पुत्र 3. मनप्रीत सिंह पुत्र 4. चरणजीत कौर पुत्री 5. कमल जीत कौर पुत्री वा स्व. सुखविन्द्र कौर के वारसान 1. हरजिन्द्र सिंह पुत्र 2. कुलविन्द्र सिंह पुत्र 3. रविन्द्र कौर पुत्री 4. नरेन्द्र कौर पुत्री है

इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

## खबर संक्षेप

### दो भगोड़े आरोपी गिरफ्तार, भेजे जेल

**अंबाला।** न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के मामलों में अंबाला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नग्गल पुलिस ने छीनाझपटी के मामले में वांछित आरोपी नपिंदर सिंह को काबू किया। वर्ष 2023 में उसके खिलाफ यह केस दर्ज किया गया था। कार्रवाई: माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया था। थाना नग्गल पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी तरह पुलिस ने बाइक चोरी मामले का आरोपी वांछित आरोपी धीरज कुमार को काबू किया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो रखे थे।

### चोरी के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मनमोहन नगर स्थित घर से जेवरात व नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी मनमोहन नगर ने 8 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 7 जून 2026 को आरोपी ने मनमोहन नगर स्थित उसके घर से जेवरात व नकद राशि चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी राजन को काबू किया है। इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी दबोचा

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गगन कुमार जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बलदेव राज निवासी गांव धीन ने 11 फरवरी 2026 को शिकायत दी थी कि 6 अगस्त 2024 से 5 जून 2026 के बीच आरोपी गगन ने उसके पुत्र सचिन को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 4 लाख की रकम हड़प ली7 न तो उसके पुत्र को विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना बुडिया, साढौरा में धोखाधड़ी के तीन मामले दर्ज हैं।

### कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतनाम सिंह विर्क ने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पर सवाल उठाने से पहले भाजपा को अपने चुनावी वादों और पिछले वर्षों के शासन का पूरा हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता स्वामीनाथन रिपोर्ट, बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रही है। विर्क ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनावी घोषणा-पत्र में किसानों के हित में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक सरकार इस वादे को लागू करने में विफल रही।

## केंद्रीय मंत्री बोले- पीएम मोदी के 12 साल के कार्यकाल में बदली देश की तस्वीर

# मास्क लगाकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**योजनाओं से हर नागरिक को मिल रहा है लाभ**


अंबाला। सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते केंद्रीय मंत्री व अन्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने मंगलवार को पुरानी अनाजमंडी अंबाला शहर में स्वच्छता को लेकर लोगों को प्रेरित करने का काम किया। इस दौरान उन्होंने मास्क लगाकर साफ सड़क पर झाड़ू भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ मेयर अक्षिता सैनी, पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा विशेष रूप से मौजूद रहें।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ-साथ अन्य ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता को बनाए रखने का संदेश भी दिया। वर्मा ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यहां उनका पहला स्वच्छता अभियान कार्यक्रम हैं। इस कार्यक्रम में नगर निगम के साथ-साथ भाजपा के सभी सदस्य व अन्य लोगों ने शामिल होकर स्वच्छता अभियान में अपनी आहूति डाली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था। जिसके आज सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में इन 12 वर्षों में लोगों का विश्वास बढ़ा है, विकास के नए आयाम स्थापित किए गए है तथा जन कल्याण के कार्य निरंन्तरता में जारी हैं। इतने कार्य हुए है कि लोगों ने इसकी कल्पना भी नहीं की थी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों में जागरूकता आई है। इस मिशन के तहत देश में लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाने का काम किया गया है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री का किया स्वागत

इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला व मेयर अक्षिता सैनी ने केंद्रीय राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया और स्वच्छता अभियान में शामिल होकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होनें कहा कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक होना चाहिए व दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। इससे पहले केंद्रीय राज्यमंत्री का लोकनिर्माण विश्राम गृह में पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर मेयर अक्षिता सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, प्रदेश महामंत्री राहुल राणा, भाजपा पदाधिकारी अमन सूद, मनीष आनंद मन्नी, संजीव गोयल टोनी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पौधे लगाएं

केंद्रीय राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 5 जून को पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने बारे जागरूक करने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से लगाने बारे अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है जोकि पूर्व की सरकारों में पिछले 60 वर्षों में भी नहीं हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग साढ़े चार करोड़ लोगों के लिए आवास बनाना, लगभग साढे दस करोड़ लोगों को उज्जवला गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाना, आयुष्मान कार्ड निशुल्क ईलाज की सुविधा देना, जनधन खाते खुलावाना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत लगभग साढे तीन लाख करोड़ रूपए किसानों के खातों में सीधे स्थानांतरित करवाना, गरीबों को राशन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेकों ऐसे कार्य है जिनका लाभ लोगों को उपलब्ध करवाया जा रहा हैं।


अंबाला। नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करती नर्सिंग ऑफिसर्स। फोटो: हरिभूमि

# नर्सिंग ऑफिसर्स ने सरकारी अस्पताल में किया प्रदर्शन

- हड़ताल की वजह से सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था चरमराई, मरीजों को भी हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया के खिलाफ नागरिक अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ ने आंदोलन शुरू कर दिया। मंगलवार को नर्सिंग एसोसिएशन ने दो घंटे पेन डाउन स्ट्राइक की। मांगें पूरी नहीं होने पर 11 जून से पूर्ण हड़ताल करने की चेतावनी दी।

नर्सिंग एसो. के चेयरपर्सन सुनील खत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक रेनू भाटिया माफी नहीं मांगती है और उनकी अन्य मांगे पूरी नहीं होती है तब तक नर्सिंग स्टाफ की 2 घंटे की पेन डाऊन स्ट्राइक जारी रहेगी। एसोसिएशन की तरफ से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया के इस्तीफे और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। बता दें कि कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में 15 वर्षीय बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर रेणू भाटिया अस्पताल पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने सीएमओ और पीएमओ को फटकार लगाई थी। नर्सिंग स्टाफ को कहा था कि क्या कोई अपनी बेटी को इस तरह किसी डॉक्टर के पास अकेला छोड़ सकता है। यदि वह आपकी बेटी होती तो क्या तब भी आपका यही रवैया रहता।

### व्यवस्था पर पड़ा असर

नर्सिंग ऑफिसर्स की स्ट्राइक का असर नागरिक अस्पतालों की व्यवस्था पर भी देखने को मिला। हड़ताल के दौरान दो घंटे तक नागरिक असपतालों में व्यवस्था बिगड़ी रही। इसका असर मरीजों पर भी पड़ा। इसके कारण मरीजों को भी परेशानी हुई। नर्सिंग ऑफिसर्स की हड़ताल की वजह से कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से हर कोई परेशान दिखा।



### नागरिक निसंकोच अपनी समस्या को मुख्यमंत्री निवास पर आकर लिखित में दें : कैलाश सैनी

**लाडवा।** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि कोई भी नागरिक अपनी दिक्कत समस्या के संबंध में सीधे मुख्यमंत्री निवास पर आकर अपनी लिखित शिकायत दे सकता है। उस शिकायत को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में लाकर हल करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री निवास पर शिकायत देने के लिए नागरिकों को किसी कार्यकर्ता या पदाधिकारी की जरुरत नहीं है। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निर्देश पर मुख्यमंत्री निवासी सेक्टर-3, कोठी नंबर 50 में रोजाना सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। इस दौरान आने वाली सभी समस्याओं को ब्योरा बनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में डाला जाता है और उन्हें अधिकारियों को भेजकर हल करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी लगातार लाडवा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेती हैं।

# पिकअप में ठूंस-ठूंस कर ले जा रहे 25 गोवंश छुड़वाए

- पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गोवंश की तस्करी और पशु क्रूरता के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मुस्तैदी से नाकाबंदी कर महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी से क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे गए 25 जीवित कटड़ों (गोवंश) को मुक्त कराया है।

इस मामले में पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रात को थाने की एक पुलिस टीम टी-पॉइंट के पास गश्त और वाहनों की चेकिंग पर तैनात थी। इसी दौरान करीब रात 8 बजे पुलिस को एक पुख्ता सूचना मिली कि पंचकूला की तरफ से एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी, जिसमें क्रूरतापूर्वक पशु भरे हुए हैं, साहा-यमुनानगर रोड होते हुए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की ओर जा रही है। पुलिस टीम ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत टी-पॉइंट शहजादपुर रोड पर नाकाबंदी कर दी।

इसी बीच पंचकूला की तरफ से आती हुई संदिग्ध बोलेरो पिकअप को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम द्वारा रोके जाने पर वाहन चालक ने गाड़ी को साइड में लगाया।

### पुलिस ने लिया कब्जे में

पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम मेहताब वासी सहारनपुर और उसके साथ बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद नवीद निवासी मोहल्ला कुरैशियान, गंगोह बताया। जब पुलिस कर्मियों ने पिकअप गाड़ी के पिछले हिस्से (डाला) की जांच की, तो गाड़ी के अंदर बेहद बेरहमी और क्रूरता के साथ बिना किसी चारे-पानी की व्यवस्था के 25 जीवित कटड़े ठूंस-ठूंस कर लादे गए थे। पशुओं को इस तरह बांधा गया था कि वे हिल भी नहीं पा रहे थे। पुलिस ने तुरंत सभी पशुओं को अपने कब्जे में लेकर रिहा किया।


शहजादपुर। महिंद्रा पिकअप में भरे पशु। फोटो: हरिभूमि

*आरोपियों से 4 लाख 15 हजार रुपये की नकदी बरामद, पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी*

# बंद पड़े घर से 40 लाख के गहने चोरी मामले में दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

सीआईए 2 टीम ने माजरा शहजादपुर में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 4 लाख 15 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शहजादपुर की डेहा कॉलोनी के महबूब उर्फ काला और मुकेश कुमार के रूप में हुई है। बता दें कि माजरा शहजादपुर के डॉक्टर विवेक बराड़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 मई की रात वे अपने परिवार के साथ घर से बाहर गए हुए थे, तब चोरों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया।

चोरों ने घर का सारा सामान बिखेर दिया और वहां रखे लगभग 40 तोले सोने के गहने,करीब 5 किलोग्राम चांदी व 11 लाख रुपये कैश चोरी कर लिया। घर लौटने पर जब पीड़ित परिवार को चोरी का पता चला तो उन्होंने 1 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगामी जांच सीआईए 2 टीम को सौंपी गई थी।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पहचान छिपाने के लिए वे मुंह ढककर रखते थे। उन्होंने विवेक बराड़ के घर में छत के रास्ते प्रवेश किया था। वहां लगे लोहे के जाल को उखाड़कर घर के अंदर सेंध लगाई थी। सीआईए 2 प्रभारी उपनिरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और अपने मजबूत गुप्तचर नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले भी जिला यमुनानगर, शहजादपुर और नारायणगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी व अन्य धाराओं के तहत लगभग 8 मामले दर्ज हैं।

### कार्रवाई की गई

फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं। सीआईए टीम द्वारा उनसे गहन पूछताछ की जा रही है ताकि इलाके में हुई अन्य चोरी की वारदातों के बारे में सुराग लगाया जा सके और इस नेटवर्क में शामिल अन्य संभावित आरोपियों का पता लगाया जा सके।

# सिंगला से मिले केजरीवाल व सीएम मान

- मनी लॉड्रिंग के केस के मामले में ईडी ने किया था काबू,
- आप नेताओं ने सिंगला का हालचाल जाना
- कड़ी सुरक्षा के बीच मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को अंबाला सेंट्रल में बंद पार्टी नेता दीपक सिंगला से मुलाकात की।

इस दौरान दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी भी मौजूद रही। मनी लॉड्रिंग के मामले में फंसे दीपक सिंगला काफी दिन से सेंट्रल जेल में बंद है। 'आप' के गोवा चुनाव प्रभारी दीपक सिंगला से मुलाकात के दौरान अरविंद केजरीवाल व सीएम भगवंत मान ने उनका हालचाल जाना। साथ ही हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। बता दें कि दीपक सिंगला को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉनड्रिंगके मामले में गिरफ्तार किया था। अदालत द्वारा उनकी जमानत याचिका भी खारिज की जा चुकी है, जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में अंबाला जेल में बंद हैं। अंबाला जेल में दीपक सिंगला से सीएम भगवंत मान व पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इस मुलाकात के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है की इस घड़ी में पूरी पार्टी आप के साथ है।

### 155 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

दीपक सिंगला पर एक कंपनी के जरिए बैंकों के साथ करीब 155 करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोप है। ईडी ने इसी आरोप के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके अलावा ईडी का आरोप है कि बैंक से ली गई इस लोन की राशि को गलत तरीकों से डायवर्ट किया गया और मनी लॉनड्रिंग के जरिए इस पैसे का इस्तेमाल किया गया। इसी सिलसिले में भी दीपक के ठिकानों पर छापेमारी हो चुकी है। इस मामले में पूछताछ के बाद ईडी ने 18 मई 2026 को दीपक सिंगला को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने अदालत में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे पंचकूला की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने 6 जून 2026 को खारिज कर दिया। अदालत का मानना था कि इस स्तर पर उन पर लगे आरोप गंभीर हैं। वे जमानत की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं।

### जनसंचार, मीडिया, एनीमेशन एवं पैकेजिंग तकनीक के क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर: प्रो. महासिंह पूनिया

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर जा चुकी है। आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। मीडिया संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि संस्थान पत्रकारिता, जनसंचार, डिजिटल मीडिया, एनीमेशन, ग्राफिक डिजाइन तथा प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग तकनीक जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि संस्थान में संचालित दो वर्षीय एम.ए. जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित एक वर्षीय एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कार्यक्रम में 9 सीटें निर्धारित की गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### युवाओं की सोच को सही दिशा देना आचार्यों का उत्तरदायित्व : दुर्ग सिंह

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में 'संस्कृति बोध परियोजना' के अखिल भारतीय संयोजक दुर्ग सिंह राजपुरोहित उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता राजपुरोहित ने कहा कि आचार्य की भूमिका केवल कक्षा में पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह एक पूरी युवा पीढ़ी के चरित्र का निर्माण करता है, इसलिए वह वास्तव में एक सच्चा राष्ट्र निमार्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी देश का विकास और भविष्य उसकी युवा पीढ़ी की सोच पर निर्भर करता है, और युवाओं की सोच को सही दिशा देने का उत्तरदायित्व आचार्यों का है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष हो चुके हैं पूरे

# जब जच्चा-बच्चा स्वस्थ होंगे तभी समाज बनेगा मजबूत और अच्छा : कैलाश सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि जब जच्चा बच्चा स्वस्थ होगा, तभी समाज मजबूत व अच्छा होगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। यह अभियान गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है। कैलाश सैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे।



लाडवा। पुष्प कुछ देखकर कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी का स्वागत करते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत। फोटो: हरिभूमि

### 72 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांची

कार्यक्रम के दौरान कुल 72 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई, जिनमें से 17 महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी श्रेणी में चिन्हित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 10, 23 एवं 30 तारीख को गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्यापक स्वास्थ्य जांच, परामर्श, प्रयोगशाला जांच एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित स्वास्थ्य परीक्षणों से गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव हो पाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रचना, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर प्रमिला, नर्सिंग ऑफिसर हरिंदर कौर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता भारती वर्मा, कोमल सैनी, आशा कार्यकतार्ओं सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया।